
Jaipur, Thursday, 02 october 2025 | @Fair Report | @Fair_report | @fairreportnews | @Fair report | PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020 | Vol 1 | Issue No.- 32 | Pages 04 | ₹3.00

# FAIR REPORT

*THE DAWN OF A FEARLESS PEN*




# Cabinet Clears ₹11,440-Crore Mission for Aatmanirbharta in Pulses

FAIR REPORT

**New Delhi:** In a major push towards agricultural self-reliance, the Union Cabinet has approved the launch of a new 'Mission for Aatmanirbharta in Pulses' with an outlay of 11,440 crore. The programme aims to increase India's pulse production to 350 lakh tonnes by 2030-31, reducing the nation's heavy dependence on imports and strengthening food security.

India, despite being the world's largest producer and consumer of pulses, continues to rely significantly on imports to meet domestic demand. Pulses such as tur (arhar), urad, and masoor are frequently imported from countries like Myanmar, Canada, and Australia. Rising consumption, coupled with volatile global prices, has often placed pressure on domestic markets and affected farmers and consumers alike.

Under the newly cleared mission, the government plans to provide



comprehensive support to farmers through improved seed varieties, technological interventions, better irrigation facilities, and enhanced procurement mechanisms. Officials said the mission would also promote crop diversification and incentivize states with higher productivity to encourage wider cultivation of pulses.

Union Agriculture Ministry sources highlighted that the programme will not only benefit farmers by ensuring remunerative prices but also reduce the nation's import bill. India currently imports pulses worth thousands of crores annually, and the mission is expected to cut imports by nearly half over the next decade. The government has set clear milestones, with an interim target to achieve 325 lakh tonnes of pulse production by 2027-28. The initiative aligns with Prime Minister Narendra Modi's broader vision of making India self-reliant in essential food crops while strengthening rural incomes.

Experts have welcomed the move, noting that increasing domestic pulse output will stabilize market prices, ensure nutritional security for millions, and boost farmers' resilience against climate and market shocks.

With this decision, the government has taken a decisive step toward making pulses a cornerstone of India's food self-sufficiency drive.

## RSS legacy and PM Modi's emphasis on discipline, nationalism and cultural pride

FAIR REPORT

**New Delhi:** Prime Minister Narendra Modi on Wednesday addressed the centenary celebrations of the Rashtriya Swayamsevak Sangh (RSS), underscoring his deep-rooted connection with the organisation, which he has always called a "privilege" to be associated with its legacy. In a podcast with Lex Fridman, broadcast earlier this year, he had reiterated how the RSS had given his life a purpose and instilled in him the values of selfless service. PM Modi's RSS background shaped his emphasis on discipline, nationalism, and cultural pride. Even as he transitioned into mainstream politics, the Sangh's imprint remained visible in his rhetoric and policy priorities.



Despite his ideological alignment and background as a 'pracharak', his public appearances at RSS events were relatively rare since becoming the Prime Minister in 2014. His duties that came with the office had kept him from regular participation in events hosted by what is seen as the ideological mentor of the Bharatiya Janata Party (BJP). Some saw this as an institutional distance from the Sangh to preserve an image of constitutional neutrality, while others attributed it to his growing stature in the country's polity. In the 2024 Lok Sabha election, when the BJP lost a few seats in comparison to the earlier Parliamentary election – especially in West Bengal and Jharkhand – critics pointed to the party's "expanding chasm" with RSS. There were allegations of "discontent" within the party, "rift" between the old and the new – all pointing to the political party reportedly shifting farther from an organisation from which it derives ideological inspiration. Incidentally, RSS volunteers and its affiliated organisations have been working in the tribal and backward areas in such states for decades. Though officially it denies any political involvement, the Sangh has contributed a large number of leaders to the BJP. Thus, the "social work" undertaken by the organisation, or its affiliates, has sometimes been assumed as "politically motivated".


So, when the BJP lost three Lok Sabha seats in Jharkhand compared to the 12 it won in 2019, and climbed down in West Bengal from 18 (in 2019) to 12 (2024), some analysts attributed it to a conspiracy theory. On the contrary, when PM Modi hailed 100 years of RSS as a "very proud and glorious" journey of the "world's largest NGO" in his Independence Day speech, and lauded its volunteers for their dedicated service to the nation, the Opposition targeted him, calling it "shameful" and an "insult to the freedom struggle".

## Ateeq Ahmad's Son Ali Cries Out from Jhansi Jail – "CM Yogi, Save Me!"

**New Delhi:** Mafia don Ateeq Ahmad's son, Ali Ahmad, has been shifted from Naini Central Jail to Jhansi Jail, where he has now raised a desperate cry for help. According to jail sources, the moment Ali arrived at Jhansi Jail, he pleaded with Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath, claiming that he is being harassed and fears for his life. Ali Ahmad alleged that he is being deliberately targeted due to political enmity. "I am innocent… I am being tortured. Only CM Yogi can save me," he reportedly said. This development comes at a time when the crackdown on the Ahmad family continues following the high-profile Umesh Pal murder case, in which several members of Ateeq's gang have already been killed or arrested. The plea from Jhansi Jail is now making headlines, raising sharp questions about security, politics, and the fate of Ateeq Ahmad's family.

## Cybercrime Cases in India Rise Sharply: NCRB Data

FAIR REPORT



**New Delhi:** Cybercrime in India has witnessed a steep surge, with the latest National Crime Records Bureau (NCRB) data highlighting both the scale and diversity of digital offences. According to the report, India registered over 65,000 cybercrime cases in 2023, marking an increase of more than 15% compared to the previous year.

The data reveals that fraud and financial crimes remain the most common forms of cyber offences, accounting for nearly two-thirds of total cases. Online banking fraud, UPI scams, and phishing attacks were reported most frequently, with states like Karnataka, Telangana, Maharashtra, and Uttar Pradesh emerging as the worst affected.

Alarmingly, cybercrimes targeting women and children also saw a rise. Cases of online harassment, stalking, sextortion, and circulation of obscene content were recorded across several states. The NCRB noted that in nearly 20% of such cases, victims were under the age of 18, underlining the urgent need for stronger digital safety measures.

The report also found that cyber terrorism, hacking of government websites, and identity theft form a growing category of concern. Experts suggest that the rapid adoption of smartphones, digital payments, and social media platforms has widened the scope for cybercriminals, while awareness and enforcement lag behind.

Despite the rise, the conviction rate in cybercrime cases remains low, largely due to lack of technical expertise and delays in forensic analysis. The NCRB has recommended specialized cyber cells in every district and capacity-building programmes for law enforcement agencies.

With India's digital economy expanding at an unprecedented pace, the NCRB data serves as a warning. As the country moves towards deeper internet penetration, experts argue that cyber safety, education, and stronger laws must become a national priority.

**CELEBRATING 100 YEARS OF RSS**

# A Journey of Service, Discipline, and Nation-Building



*Hemraj Tikam chand Tiwari*

*By Special Feature Desk*

As the Rashtriya Swayamsevak Sangh (RSS) commemorates its centenary, it stands as a testament to the enduring spirit of service, discipline, and nation-building. Founded in 1925 by Dr. Keshav Baliram Hedgewar in Nagpur, the RSS began with a vision to unite Hindus and instill a sense of national pride and self-reliance. Over the past century, it has evolved into one of the world's largest volunteer organizations, with over 83,000 shakhas (branches) across India, fostering a culture of civic responsibility and community engagement.

### Foundational Ideals and Leadership

Dr. Hedgewar's foresight in establishing the RSS was rooted in the belief that a nation's strength lies in the character of its citizens. His leadership emphasized the importance of self-discipline, physical fitness, and ideological education. Under his guidance, the RSS adopted the shakha model—a daily gathering combining physical exercises, ideological training, and community service—which became the cornerstone of its operations.



Following Dr. Hedgewar, Sri Madhav Sadashiv Golwalkar, affectionately known as Guruji, took over as the second Sarsanghchalak (chief) in 1940. His leadership expanded the RSS's reach and influence, establishing a network of pracharaks (full-time workers) who spread the organization's message across the country. Guruji's tenure solidified the RSS's role in shaping India's socio-cultural landscape. In recent years, under the leadership of Shri Mohan Bhagwat, the RSS has continued to adapt to contemporary challenges while staying true to its foundational principles. Shri Bhagwat has emphasized the importance of inclusivity, dialogue, and national integration, ensuring that the RSS remains relevant in today's diverse and dynamic society.

### Contributions to Nation-Building

The RSS's impact on nation-building is multifaceted. Beyond its grassroots presence, the organization has played a significant role in various national initiatives. During times of natural disasters, RSS volunteers have been at the forefront of relief operations, providing aid and support to affected communities. The organization's emphasis on education has led to the establishment of numerous educational institutions, promoting literacy and skill development. Furthermore, the RSS has been instrumental in promoting cultural awareness and preserving India's rich heritage. Through various programs and initiatives, it has fostered a sense of pride in India's traditions and values, contributing to the nation's cultural renaissance.

### A Vision for the Future

As the RSS celebrates its 100th year, it reflects on its journey and looks forward to the future. The organization's commitment to service, discipline, and nation-building remains steadfast. Moving forward, the RSS aims to continue its efforts in fostering national unity, promoting social harmony, and contributing to the holistic development of India.

FAIR RAJASTHAN
FAIR REPORT 02

**किरोड़ी लाल ने किया राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' अभियान शुरू

# 'फसल खराबे के नुकसान की भरपाई के लिए सरकार कटिबद्ध'

FAIR REPORT
जयपुर

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने बुधवार को पंत कृषि भवन में किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की पॉलिसियों का वितरण कर खरीफ-2025 की 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कृषि मंत्री ने कहा कि पूरे देश में खरीफ-2025 की 8 करोड़ 71 लाख बीमा पॉलिसियां करवाई गई हैं, जिनमें से 2 करोड़ 16 लाख यानी लगभग 25 प्रतिशत पॉलिसियां राजस्थान की हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को बीमा के प्रति जागरुक करने के लिए पूरे प्रदेश में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर लगाकर 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक घर-घर जाकर पॉलिसियों का वितरण किया जा रहा है एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा नवीन कृषि तकनीकों एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जो किसान इन शिविरों में पॉलिसी प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं, वे अपनी फसल बीमा पॉलिसी संबंधित कृषि पर्यवेक्षक एवं बीमा कंपनी के स्थानीय कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि फसल बुआई करने के बाद किसी कारण से फसल नहीं उग पाती है तो ऐसे किसान को बीमित राशि का 25 प्रतिशत मुआवजा दिया जा रहा है।



### सोलर पंप लगवा सकते हैं किसान

दूर-दराज के क्षेत्र, जहां बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां किसान पीएम कुसुम कंपोनेन्ट बी योजना के तहत सोलर पंप लगवाकर अपने खेतों की सिंचाई कर सकते हैं। जिसमें राज्य सरकार द्वारा 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कृषकों को खरीफ फसल के लिए 2 प्रतिशत, रबी फसलों के लिए 1.5 प्रतिशत और वाणिज्यिक व बागवानी फसलों के लिये 5 प्रतिशत प्रीमियम अदा करना पड़ता है। फसल बीमा सभी श्रेणी के कृषकों के लिए खरीफ— 2022 से स्वैच्छिक है लेकिन ऋणी कृषकों को योजना से पृथक होने के लिए योजना से जुड़ने के अन्तिम तिथि से सात दिन पूर्व लिखित में आवेदन किया जाना आवश्यक है। बैठक में शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल, आयुक्त कृषि एवं उद्यानिकी सुश्री चिन्मयी गोपाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### किसानों को मिली आर्थिक मजबूती

डॉ. किरोडी लाल ने कहा कि किसानों को इन विकट परिस्थितियों में नुकसान होने पर सरकार द्वारा सहायता मिलने से आर्थिक मजबूती मिलती है, जिससे वे अपने परिवार का पालन पोषण अच्छी तरह से कर पाते हैं। पॉलिसी वितरण के दौरान किसान पाठशाला के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार सभी ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। बीमा कंपनियों द्वारा राज्य के सभी ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

**वार-पलटवार :** 10 साल जीएसटी में लूटा, शिक्षा विभाग के तबादलों में भारी भ्रष्टाचार हुआ

# निकाय-पंचायत चुनाव में बीजेपी की औकात दिखाएंगे : डोटासरा

FAIR REPORT
जयपुर

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा है कि सरकार में भ्रष्टाचार का आलम है। बिना पैसा दिए कोई काम नहीं होता। एक काम की तीन-तीन जगह पर्ची कट रही है। एक जगह पर्ची कटवा लेते हैं तो कहा जाता है सक्षम स्तर से नहीं कटी तो दूसरी जगह पर्ची कटवानी पड़ती है, बाद में पता लगता है तीसरे सक्षम स्तर से पर्ची नहीं कटी, तो फिर तीसरी जगह पर्ची कटवानी पड़ती है। डोटासरा ने कहा कि यह तीसरा सक्षम स्तर आरएसएस है। आरएसएस में भी पर्चियां चली हैं, प्रिसिंपल के तबादलों में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। डोटासरा अपने जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम के मौके पर जयपुर कांग्रेस वॉर रूम में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। डोटासरा ने कहा- अभी 5000 प्रिसिंपल के ट्रांसफर हुए। 800 की लिस्ट पहले फेज में बनी, फिर सीएमओ में लिस्ट आई और वो 1000 से 1100 की बनी। फिर लिस्ट आरएसएस के यहां गई तो 1700-1800 की बनी। वहां से सीएमओ आकर 3500 की लिस्ट बनी। फिर अफसरों के हत्थे चढ़ी। इसके बाद दलालों के हत्थे चढ़ी। 4500 ट्रांसफर हुए। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि भारी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी है। डोटासरा ने कहा- जनवरी में भाजपा विधायकों से नाम लिए गए, जनवरी से पर्ची कटना शुरू हुई। सितंबर के आखिर में लिस्ट आउट हुई। समझ नहीं आ रहा कि इतना बड़ा भ्रष्टाचार होकर शिक्षा मंत्री दूसरों पर किस मुंह से आरोप लगा रहे हैं?



### आम आदमी को कोई राहत नहीं

डोटासरा ने कहा- केंद्र सरकार ने 10 साल जीएसटी में लूटा और जब बिहार चुनाव में सिंहासन डगमगाने लगा। जब इन्हें लगा कि सत्ता विरोधी लहर हावी हो सकती है तो अब जीएसटी कम करने का फैसला किया। जीएसटी दरों में कमी को तुरूप का इक्का समझ रहे थे, लेकिन इस कमी के कारण कोई सामान सस्ता नहीं मिल रहा। आम आदमी की आमदनी में कोई राहत नहीं मिली।

### भाजपा कार्यकर्ता भी सरकार से नहीं हैं खुश

डोटासरा ने कहा- आने वाले निकाय और पंचायत चुनाव में बीजेपी को उसकी औकात बताएंगे कि आप चुनाव टाल सकते हो लेकिन जिस दिन भी चुनाव होगा उस दिन आपको मुंह की खानी पड़ेगी। जनता ही नहीं बल्कि बीजेपी के कार्यकर्ता भी इस सरकार के कार्यशैली से खुश नहीं हैं। डोटासरा ने कहा- बीजेपी और केंद्र सरकार दो तरीके से वोट चोरी करते हैं। एक वोट चोरी है, चुनाव के सामय चुनाव आयोग के अफसरों को अपने पक्ष में लेकर वोट फर्जी जोड़ते है। वोटर लिस्ट वोटिंग से 24 घंटे पहले आती है। फर्जी वोट डालकर चुनाव जीत जाते हैं। दूसरा तरीका एसआईआर के जरिए वोट चोरी का है।

## पीड़ा है...डोटासरा को पैसा खाने का मौका नहीं मिल रहा : मदन

FAIR REPORT
जयपुर

राजस्थान में हाल ही में हुए शिक्षा विभाग में तबादलों को लेकर सियासत रुक नहीं रही है। जन्मदिन के मौके पर लोगों से बात करते हुए गोविंद सिंह डोटासरा ने शिक्षा विभाग में हुए तबादले को लेकर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पर भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। वहीं इस बयान पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पलटवार करते हुए कहा कि अपने जन्मदिवस पर भी झूठ और धूर्त बातें केवल गोविन्द डोटासरा ही कर सकते हैं। कांग्रेस की राजनीति भ्रष्टाचार और पाखंड का दूसरा नाम है। दिलावर ने कहा कि डोटासरा का घमंड उस दिन चकनाचूर हो जाना



चाहिए था, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सामने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों ने खुले मंच से स्वीकार किया था कि तबादलों में खुलेआम पैसों का खेल चलता है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार में तबादले पारदर्शिता के आधार पर हो रहे हैं।

### तबादलों में कांग्रेस ने किया भ्रष्टाचार

दिलावर ने कहा कि गोविन्द डोटासरा की सबसे बड़ी पीड़ा यही है कि सत्ता से बाहर होने के बाद अब उन्हें भ्रष्टाचार करके पैसे खाने का मौक़ा नहीं मिल रहा। उन्होंने तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि डोटासरा जी की राजनीति पैसों और पोस्टिंग के कारोबार पर टिकी रही है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल रिपोर्ट ने भी पुष्टि की है कि तबादलों में भ्रष्टाचार के मामलों में कांग्रेस शासनकाल में राजस्थान पूरे देश में नम्बर एक पर रहा। उन्होंने डोटासरा को निशाने पर लेते हुए कहा कि राक्षसों को हमेशा शस्त्रों से डर लगता है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया शतायु मतदाताओं को सम्मानित

FAIR REPORT
जयपुर

अतराष्ट्राय वृद्धजन दिवस, 1 अक्टूबर के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शतायु मतदाताओं को जिला स्तर, विधानसभा स्तर व पंचायत स्तर पर सम्मानित किया गया। जयपुर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सिविल लाइन्स निवासी शतायु मतदाता श्याम लाल शर्मा को उनके निवास स्थान पर जाकर सम्मानपत्र और श्रीफल देकर, फूलमाला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी मेघराज मीणा, सिविल लाइन्स विधानसभा के निर्वाचन पंजीकरण पदाधिकारी गौरव



बांकावत उपस्थित थे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि 'कोई मतदाता पीछे न छूटे' की भावना को साकार करना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। इसी क्रम में विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 22 मतदाताओं का सम्मान बी.एल.ओ. द्वारा उनके घर जाकर किया गया। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक पंजीकरण पदाधिकारी सुमन चैधरी ने मतदाताओं के घर जाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। श्रीमती चौधरी ने मतदाताओं को लोकतंत्र की सशक्तीकरण प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करते हुए आगामी निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने का आह्वान किया।

**आंकड़े जारी :** पुलिस की प्रतिबद्धता और प्रभावी कार्रवाई के चलते आर्थिक अपराधों में भी उल्लेखनीय कमी आई

# अपराधों में दो साल में 19.45 प्रतिशत गिरावट

FAIR REPORT
जयपुर

हाल ही में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा देश के आपराधिक आंकड़े जारी किए गए। उल्लेखनीय है कि ये आंकड़े वर्ष 2021, 2022 तथा 2023 तक के हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि वर्ष 2024 व 2025 में राजस्थान में अपराधों में निरंतर कमी आई है। राजस्थान पुलिस की अपराधों को दर्ज करने की पारदर्शी, निष्पक्ष एवं फ्री-रजिस्ट्रेशन की नीति के चलते अपराध नियंत्रण व शिकायत निस्तारण की कटिबद्धता का असर अब स्पष्ट नजर आ रहा है।

अपराध शाखा से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार यदि वर्ष 2023 व 2024 का तुलनात्मक विश्लेषण किया जाए तो महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के 45,450 मुकदमों के विरुद्ध 36,563 मुकदमे ही दर्ज हुए हैं। अनुसूचित जनजाति के विरुद्ध अपराधों के 8449 के मुकाबले 7008 मुकदमे, अनुसूचित जाति के विरुद्ध अपराधों के 2453 के स्थान पर 2282 मुकदमे दर्ज हुए हैं। आर्थिक अपराधों में भी उल्लेखनीय कमी आई है, 27675 के मुकाबले 27637 अभियोग पंजीबद्ध हुए हैं। आईपीसी/बीएनएस अपराधों में 234985 के स्थान पर 213352 मुकदमे दर्ज हुए हैं। उक्त कालावधि में समग्र अपराधों का ग्राफ भी न्यून हुआ है।



वर्ष 2023 के बाद से लगातार टीम राजस्थान पुलिस की प्रतिबद्धता और प्रभावी कार्रवाई के चलते राज्य में महिलाओं, के खिलाफ होने वाले अत्याचारों के अपराधों में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। यह सकारात्मक रुझान वर्ष 2023 के बाद से ही जारी है, यह गिरावट राज्य सरकार द्वारा अपराध नियंत्रण के लिए उठाए गए ठोस कदमों की सफलता को दर्शाती है।

"राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा हाल ही में जारी किए गए आंकड़े वर्ष 2021 से 2023 तक के हैं जबकि राजस्थान पुलिस की प्रभावी कार्यवाही के चलते वर्ष 2024-25 में अपराधों में लगातार गिरावट नजर आई है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 148 पर वाहनों की गति सीमा निर्धारित

**जयपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 148 मनोहरपुर-दौसा खंड पर वाहनों की अधिकतम गति सीमा को निर्धारित करने की नवीन अधिसूचना 1 अक्टूबर, 2025 को गजट में प्रकाशित हुई जो प्रकाशन के साथ ही प्रभावी हो गई। इसके अनुसार भारी वाहन ट्रोला के लिए 50 किलोमीटर प्रति घंटा , ट्रक के लिए 60 किलोमीटर प्रति घंटा तथा हल्के भारी वाहन के लिए 60 किलोमीटर प्रति घंटा अधिकतम गति सीमा निर्धारित की गई है। प्रादेशिक परिवहन अधिकार, जयपुर (द्वितीय) धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मध्यम/भारी यात्रा वाहन के लिए 60 किलोमीटर प्रति घंटा, हल्के चार पहिया के लिए 70 किलोमीटर प्रति घंटा, तीन पहिया के लिए 50 किलोमीटर प्रति घंटा तथा दुपहिया वाहन के लिए अधिकतम गति सीमा 60 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। यह अधिसूचना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या एन एच 148 मनोहरपुर दौसा खंड के 4 लेन के डिवाइडेड कैरेज वे हो जाने तक प्रभावी रहेगी।

## ब्रीफ खबरें

### जल जीवन मिशन योजना के लिए 1507.16 करोड़ रुपए स्वीकृत

**जयपुर।** हर घर नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने की केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के लिए वित्त विभाग ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को विभिन्न जिलों के कई कार्यों के कार्यादेश हेतु 1507.16 करोड़ रुपए की वित्तीय सहमति प्रदान की। वित्त विभाग द्वारा हर घर जल कनेक्शन हेतु उदयपुर जिले की ग्राम पंचायत उंदड़ी के लिए 278.99 लाख रु., लोहरचा हेतु 473.85 लाख, बीलवा के लिए 323.88 लाख, बामरिया के लिए 25.43 लाख, मेवाड़ो का मठ के लिए 22.30 लाख, कोठड़ा के लिए 121.20 लाख, कांकरिया के लिए 125.42



लाख, पलचा के लिए 90.10 लाख, केशरपुर ग्राम, रामगढ़ तहसील को 158.38 लाख, पत्थरपरी को 307.04 लाख, मोरजरा को 343.30 लाख, मीरपुर के लिए 99.40 लाख, जूड़ा के लिए 86.42 लाख, गोगरूड़ के लिए 106.36 लाख और जुना पडार के लिए 89 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृत प्रदान की।

### 69वी राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन



**जयपुर।** राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तोपदड़ा, अजमेर में बुधवार को शुभारम्भ हुआ। देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश भड़ाणा ने प्रतियोगिता का ध्वज आरोहण किया और सभी जिले से आए हुए खिलाडियों को बधाई देते हुए सभी को खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया। लघु उद्योग संघ अध्यक्ष एवं नारेली जैन तीर्थ महामंत्री श्री अतुल जैन ने बताया कि छात्र-छात्राओं को खेल-खेल की भावना से खेलना चाहिए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री बलराज कच्छावा, एसडीएमसी सदस्य, पार्षद श्री रणजीत सिंह नरूका, जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारंभिक शिक्षा श्री गोविंद नारायण शर्मा, अल्प भाषाई संस्थान प्राचार्य श्रीमती किरण बाला जोनवाल, श्री भंवर सिंह राठौड़, अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग रैफरी श्री विशाल निर्वाण भी उपस्थित रहे। 17 से 19 आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता में 37 जिलों से 17 वर्ष श्रेणी में 341 छात्र, 258 छात्रा, 19 वर्ष श्रेणी में 261 छात्र, 176 छात्रा सहित कुल 1036 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उपस्थिति दर्ज कराई।

### मदन राठौड़ बोले- अधिकारी जनप्रतिनिधियों का कहना मानें

**जयपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने अफसरों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- मैं अधिकारियों को पाबंद करना चाहता हूं, हमारे जनप्रतिनिधि जन सेवक है, इनका कहा मानिये और जन सेवा के लिए खुद को समर्पित कर दीजिए। आपको तनख्वाह तो इनके पैसे से ही मिलती है ना.. इन्हीं के टैक्स में से ही मिलती है ना। राठौड़ बीकानेर



पश्चिम के विधायक जेठानन्द व्यास के विधायक सेवा केंद्र के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से भी बातचीत की।

### राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य के साथ संघ की स्थापना की थी : राज्यवर्धन

जयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की सौ वर्षों की यात्रा पर राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि संघ का मार्ग एकात्मता और ध्येय मानवता है। उन्होंने इस शताब्दी पड़ाव को नए युग का आह्वान बताया, जिसका मूल सूत्र 'व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण' है। समाज ही व्यक्ति को दिशा देता है और व्यक्ति के संस्कार ही समाज का स्वरूप तय करते हैं। जब व्यक्ति संयम, अनुशासन और सेवा की भावना से सशक्त होता है, तो समाज संगठित होता है और राष्ट्र सामर्थ्यवान बनता है। संघ ने सौ वर्षों में इसी दर्शन को जीवंत किया है। डॉ. केशव बलिराम



हेडगेवार ने 1925 में 'व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण' के लक्ष्य के साथ संघ की स्थापना की थी। आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने 1925 में 'व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण' के लक्ष्य के साथ संघ की स्थापना की थी। संघ की शाखाएं इस सूत्र की प्रयोगशाला बनीं, जहां स्वयंसेवकों ने अनुशासन, संगठन, सेवा का जीवन सीखा।

## ब्रीफ खबरें

### रणथंभौर में तीन माह बाद लौटी रौनक, खोला गया नेशनल पार्क



**सवाई माधोपुर।** प्रदेश के सबसे बड़े रणथंभौर नेशनल पार्क में तीन माह बाद बुधवार को रौनक लौट आई। बारिश के चलते तीन माह बंद रहा पार्क एक अक्टूबर से सैलानियों के लिए खोल दिया गया। आज से नया पर्यटन सत्र शुरू हुआ। रणथंभौर नेशनल पार्क के उप वन सरक्षक रामानंद भाकर ने पर्यटक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्कूली विद्यार्थियों को निशुल्क भ्रमण के लिए पार्क भेजा। बरसात के दौरान तीन माह रणथंभौर पार्क बंद किया जाता है। उसके बाद आज विधिवत रूप से पर्यटकों के लिए रणथंभौर खोला। गाइडलाइन के अनुसार, साप्ताहिक अवकाश के चलते बुधवार को जोन नंबर एक से पांच के बीच पार्क बंद रखा। यह गुरुवार से खुलेगा। इस वर्ष बारिश ज्यादा होने के कारण पार्क के जोन नंबर एक का रास्ता क्षतिग्रस्त है। अभी जोन नंबर एक पर पर्यटक नहीं जा सकेंगे। जोन नंबर 2 से 5 के बीच गुरुवार सुबह से पार्क जा सकेंगे। उप वन संरक्षक भाकर ने कहा कि वन विभाग विभिन्न कार्यक्रम कराएगा। आज से वन्यजीव सप्ताह शुरू हुआ। रणथंभौर में बाघों की बढ़ती संख्या के चलते सैलानी उत्साहित नजर आए। भाकर के अनुसार, जोन नंबर 2 से 5 के बीच गुरुवार सुबह से सैलानियों के लिए खोल दिए जाएंगे।

### गरबा देखकर लौट रहे युवक का अपहरण, मांगी 46 लाख की फिरौती



**जालोर।** जिले में अपराध का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दांतीवास गांव में मंगलवार देर रात नवरात्रि गरबा देखकर लौट रहे भंवरलाल सारण का अज्ञात बदमाशों ने अपहरण कर लिया। घटना में बताया जा रहा है कि दो गाड़ियों में सवार हमलावरों ने भंवरलाल को जबरन उठा लिया और उनके परिवार से 43 से 46 लाख रुपये की फिरौती मांगी है। इस घटना ने इलाके में दहशत फैला दी है। घटना की सूचना मिलते ही जालोर पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। पूरे जिले में नाकाबंदी कर दी गई और घटनास्थल का जायजा लिया गया। थाना अधिकारी रामेश्वरलाल भाटी ने बताया कि पुलिस रातभर से अपहृत भंवरलाल और आरोपियों की तलाश में जुटी है। विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। हालांकि बुधवार सुबह तक पीड़ित परिवार ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिर्फ 12 घंटे में अपहृत युवक को चितलवाना क्षेत्र से सुरक्षित बरामद किया।

### मंदिर में गोली लगने से एक युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**कोटा।** जिले के मंडाना थाना इलाके में मंगलवार रात लगभग 9 बजे माता जी के मंदिर में गोली लगने से शंकर लाल चारण पुत्र आयदान चारण की मौत हो गई। यह घटना मांदलिया पंचायत के रामगढ़ गांव स्थित मंदिर में हुई, जहां शारदीय नवरात्रि की अष्टमी की पूजा चल रही थी। गोली लगते ही परिजन युवक को लेकर कोटा के निजी अस्पताल पहुंचे, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट कर दिया गया। एसपी सुजीत शंकर ने कहा कि परिजन की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। इस मामले ने गांव व मंदिर में हड़कंप मचा दिया था। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मंडाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। साथ में निजी अस्पताल की टीम, एफएसएल टीम, एमओबी और डॉग स्कायड भी घटनास्थल पर गई। पुलिस ने साक्ष्य एकत्रित किए और कुछ लोगों को डिटेन कर पूछताछ कर रही है। कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि शुरुआत में परिजनों ने पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए बालाराम पर गोली चलाने का आरोप लगाया। एसपी ने बताया कि मंदिर में दो पक्षों के बीच पहले से झगड़ा चल रहा था। इसी बीच शंकर लाल चारण और अन्य लोग भी वहां उपस्थित थे।

### राजस्थान की बेटी कियाना ने किया कमाल, जीता कांस्य पदक



**उदयपुर।** झीलों की नगरी उदयपुर की बेटी ने एक बार फिर देश का नाम रोशन किया। शतरंज खिलाड़ी कियाना परिहार ने वर्ल्ड कैडेट शतरंज चैंपियनशिप 2025 में अंडर-10 बालिका वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन किया है। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कियाना ने 11 राउंड में 8.5 अंक हासिल किए और उनका प्रदर्शन रेटिंग 1897 रही, जो उनके प्रारंभिक रेटिंग 1728 में शानदार उछाल है। कजाकिस्तान में आयोजित वर्ल्ड कैडेट शतरंज चैंपियनशिप में कियाना ने मंगलवार रात पूरे 11 राउंड में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्रोएशिया की जोसिपा गैस्पारैक, कजाकिस्तान की सद्वोकसोवा सबीना और रौबदार मरियम, फिडे से वित्सियुक अलेक्सेंडर और ईमेल्यानोवा, यूएसए की कम ओलिविया को पराजित किया और 2 ड्रा खेल कर कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम गौरवान्वित किया है। कजाकिस्तान के अल्माटी में कांस्य पदक जीतना कियाना की शानदार करियर की एक और बड़ी उपलब्धि है।

**दिल्ली से जैसलमेर के लिए हवाई सेवा शुरू,** सफर बना आरामदायक और सुविधाजनक

# स्वर्ण नगरी को फिर मिली उड़ान, छाया उत्साह

FAIR REPORT
**जैसलमेर**

पर्यटन नगरी जैसलमेर में हवाई सेवाओं का नया सीजन बुधवार से शुरू हो गया है। लंबे इंतजार के बाद दिल्ली से जैसलमेर की पहली फ्लाइट बुधवार को जैसलमेर एयरपोर्ट पर उतरी। इस उड़ान के साथ ही जैसलमेर को एक बार फिर हवाई कनेक्टिविटी की सुविधा मिल गई है, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों और स्थानीय कारोबारियों में उत्साह का माहौल है। बुधवार सुबह 11:45 बजे दिल्ली से रवाना हुई फ्लाइट दोपहर 1 बजे जैसलमेर एयरपोर्ट पर पहुंची। इस विमान में 180 यात्री सवार थे। यात्रियों का एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। एयरपोर्ट डायरेक्टर प्रमोद मीणा ने बताया कि जैसलमेर एयरपोर्ट से हवाई सेवाएं शुरू होना जिले और पर्यटन क्षेत्र के लिए बड़ी राहत है। जैसलमेर से दिल्ली के लिए भी उड़ान की शुरुआत हो गई है। बुधवार दोपहर 1:30 बजे जैसलमेर से दिल्ली के लिए फ्लाइट रवाना हुई, जिसमें कुल 115 यात्री सवार हुए। यह उड़ान दिल्ली में बुधवार दोपहर 2:55 बजे पहुंची। एयरलाइंस की ओर से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे सफर आरामदायक और सुविधाजनक बना।



### पर्यटन उद्योग के लिए अहम

फ्लाइट सेवाओं की शुरुआत को जैसलमेर पर्यटन उद्योग के लिए अहम माना जा रहा है। यहां आने वाले विदेशी और घरेलू पर्यटक अक्सर हवाई सुविधा की उपलब्धता को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। अब सीजन की पहली उड़ान के साथ पर्यटकों की आमद और सुगम हो जाएगी। स्थानीय होटल व्यवसायी, कैब संचालक और पर्यटन कारोबारियों में इस वजह से खुशी की लहर है। पर्यटन विशेषज्ञों कहना है कि फ्लाइट सेवा शुरू होने से न केवल पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय रोजगार और व्यापार को भी गति मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जैसलमेर हर साल लाखों पर्यटकों को आकर्षित करता है। अब उड़ानें शुरू होने से कारोबार में नई ऊर्जा आएगी। जैसलमेर एयरपोर्ट से हवाई कनेक्टिविटी का नया सीजन शुरू होने से जिले में पर्यटन गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

**रिश्तों का कत्ल :** सोने की चूड़ी और चेन लेकर भागा था, पकड़ा गया

# कर्जा-चुकाने के लिए पोते ने की थी दादी की हत्या

FAIR REPORT
**बांसवाड़ा**

यहां मंगलवार सुबह घर में घुसकर महिला की बेरहमी से हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी रिश्ते में महिला का पोता लगता है, जिसने कर्जा होने पर लूट के इरादे से महिला की हत्या की। फिर गहने लेकर फरार हो गया। घटना के समय विधवा महिला कलावती पंड्या (58) पत्नी सुरेंद्र पंड्या घर के किचन में काम कर रही थी, पीछे से आए पोते ने महिला की गर्दन पर चाकू से कई वार किए, जिससे गर्दन कटकर लगभग धड़ से लटक गई थी। लहूलुहान महिला रसोई में फर्श पर गिर गई। आरोपी को डर था कि दादी बच नहीं जाए, इसके कारण वो ताबड़तोड़ वार करता रहा। फिर दादी की सोने की चेन, दोनों हाथों में पहने सोने की चूड़ी और कैश लूटकर फरार हो गया। घटना जिले के आनंदपुरी क्षेत्र के छाजा में मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे हुई थी। पुलिस ने मामले में जेठ के पोते चंकी उर्फ सुविक पंड्या पुत्र दिलीप पंड्या (35) को गिरफ्तार किया है। वह मृतका के पड़ोस में ही रहता है, जिसने पूरी साजिश के तहत हत्या की खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। हत्या के बाद वह खुद के घर गया और कपड़े बदलकर घटना स्थल के आसपास घूमने लगा। हालांकि ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला कि आरोपी का ही महिला के घर सबसे ज्यादा आना- जाना था। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो शुरुआत में टालमटोल करने लगा, सख्ती से पूछताछ में उसने सच उगल दिया।



### कर्जा हुआ तो रची लूट की साजिश

जांच में सामने आया कि आरोपी गांव में पहले ई-मित्र की दुकान चलाता था। कम्प्यूटर रिपेयरिंग का काम भी करता था। करीब डेढ़ साल पहले वह गुजरात गया था, वहां उस पर करीब डेढ़ से 2 लाख रुपए का कर्जा हो गया था। उसे चुकाने के लिए पैसों की जरूरत थी। कहीं और से रुपए का इंतजाम नहीं होने के कारण उसने अपनी ही दादी के सोने के कड़े छिनने का प्लान बनाया। इसी उद्देश्य से महिला के घर में घुसा और उसकी हत्या कर दी। उसे डर था कि उसकी पहचान उजागर नहीं हो जाए, इसलिए महिला की बेरहमी से हत्या कर दी। इसके बाद वह मौके पर ही रहा, जिससे की उस पर किसी को हत्या का शक न हो पाए।

### खदान के पानी में डूबने से दो युवतियों की मौत




**धौलपुर।** माता विसर्जन के दौरान बुधवार को पानी में डूबने के दो अलग-अलग हादसे हो गए। सदर थाना इलाके में हिनोदा की खदानों में माता विसर्जन करने गई छावनी गांव की दो युवतियां डूब गई, जिनकी डेड बॉडी को स्थानीय गोताखोरों ने रेस्क्यू कर लिया। वहीं, सैंपऊ थाना इलाके में पार्वती नदी स्थित विक्रमपुरा एनीकट के पास माता विसर्जन के दौरान एक 33 वर्षीय शख्स भी डूब गया, जिसका अभी तक सुराग नहीं लग सका है। छावनी गांव निवासी 18 वर्षीय तनु पुत्री साहब सिंह जाट एवं 16 वर्षीय खुशी पुत्री रानू जाट दोनों चचेरी बहनें अन्य महिला श्रद्धालुओं के साथ देवी माता का विसर्जन करने गई थीं। ट्रैक्टर ट्रॉली से देवी मां की प्रतिमा को उतार कर खदानों में गहरे पानी में विसर्जन कर रहे थे। इसी दौरान तनु और उसकी चचेरी बहन खुशी का पैर फिसल गया और गहरे पानी में डूब गईं।

## ट्रक की टक्कर से ट्रेलर में लगी भीषण आग, जिंदा जला चालक

FAIR REPORT
**गंगरार**

जिले के गंगरार थाना क्षेत्र में चित्तौड़गढ़-भीलवाड़ा सिक्सलेन पर मंगलवार रात भीषण हादसा हो गया। ट्रक एवं ट्रेलर की टक्कर हो गई। इससे ट्रेलर के केबिन में लगी आग से चालक जिंदा जल गया। ट्रेलर चालक को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला और ना बाहर से मदद मिल पाई। पुलिस ने चालक का शव जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया है। ट्रेलर मालिक से संपर्क कर चालक के परिजनों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। हादसे के बाद करीब तीन घंटे मार्ग बंद रहा। यातायात डायवर्ट किया गया। गंगरार थाने के सहायक उप निरीक्षक शैतान सिंह ने बताया कि मंगलवार रात ट्रक एवं ट्रेलर दोनों एक ही लेन पर एक ही दिशा में चित्तौड़गढ़ से भीलवाड़ा जा रहे थे। गंगरार कोर्ट के सामने ट्रक एवं ट्रेलर के केबिन टकरा गए। टक्कर के तत्काल बाद ट्रेलर के केबिन में आग लग गई। हादसे एवं आग लगने के बाद मार्ग अवरुद्ध हो गया। पुलिस ने कंट्रोल रूम से संपर्क कर दमकल मंगवाए और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रेलर चालक जल चुका था। कार्यवाहक पुलिस उपाधीक्षक रामेश्वर प्रसाद मौके पर पहुंचे। ट्रेलर चालक के शव को केबिन से निकलवाकर जिला चिकित्सालय की मोर्चरी पहुंचाया।



## वन भूमि पर स्मगलर ने किया निर्माण, बुलडोजर से जमींदोज

FAIR REPORT
**अजमेर**

झालावाड़। अकलेरा के मिर्जापुर में नशा तस्कर द्वारा वन विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा कर बनाए गए मकान को वन विभाग की टीम ने बुधवार को बुलडोजर चला जमींदोज कर दिया। वन विभाग ने इससे पूर्व तस्कर को नोटिस दिया था, लेकिन उसने नोटिस को हल्के में लिया। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि नशा माफिया तस्कर जाकिर खान ने वन भूमि पर अवैध कब्जा कर अवैध निर्माण किया था। विभाग की ओर से नोटिस दिए जाने के बावजूद अतिक्रमी के हौसले बुलंद थे और उसने भूमि पर कब्जा नहीं हटाया। जिसके बाद अकलेरा डीएसपी बृजेश कुमार, साइबर डीएसपी मनोज सोनी, अकलेरा थाना प्रभारी भूपेश शर्मा सहित भारी पुलिस बल की मौजूदगी में उपवन संरक्षक सागर पवार के निर्देशन पर क्षेत्रीय वन अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। कब्जा कर बनाए गए मकान को बुलडोजर मशीनों की मदद से मिट्टी में मिला दिया गया। जाकिर खान द्वारा नशा तस्करी कर अर्जित किए गए धन से इस निर्माण को किया गया था। एसपी अमित कुमार ने बताया कि झालावाड़ पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 30 के तहत कार्रवाई कर रही है।



**27.50 लाख मुआवजे पर सहमति,** मिलेगी संविदा नौकरी, 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड, आज होगा मृतक का अंतिम संस्कार

# पुलिस कस्टडी में मौत मामले में चौथे दिन समझौता

FAIR REPORT
**डूंगरपुर**

जिले के दोवड़ा थाने में पुलिस कस्टडी में चोरी के आरोपी दिलीप अहारी की तबीयत बिगड़ने के बाद से मचा बवाल चौथे दिन बुधवार देर शाम को शांत हो गया। आदिवासी परिवार और पुलिस प्रशासन के बीच 27.50 लाख की मुआवजा राशि और मृतक के पिता को संविदा पर नौकरी पर सहमति बन गई। साथ ही दोवड़ा थानाधिकारी सहित 5 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया। गुरुवार को मृतक का अंतिम संस्कार किया जाएगा। एसपी मनीष कुमार ने बताया कि दोवड़ा थाने के थानाधिकारी तेजकरण सिंह, हेड कांस्टेबल वल्लभराम पाटीदार, कांस्टेबल सुरेश कुमार भगोरा, पुष्पेंद्र और माधव को सस्पेंड करने के आदेश कर दिए गए हैं। इससे पहले आसपुर से विधायक उमेश मीणा 10 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल को लेकर एडीएम दिनेशचंद्र धाकड़, एएसपी अशोक कुमार से वार्ता के लिए कलेक्ट्री पहुंचे। कई दौर की वार्ता के बाद 27 लाख 50 हजार रुपए का आर्थिक मुआवजा देने पर सहमति बन गई। वहीं मृतक दिलीप के पिता जीवराज अहारी को टीएडी हॉस्टल में संविदा पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नौकरी पर भी सहमति हुई। बांसवाड़ा के बागीदौरा से विधायक जय कृष्ण पटेल भी वार्ता में पहुंचे।



### पोस्टमार्टम के लिए उदयपुर गए परिजन

मृतक दिलीप का शव उदयपुर अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया है। मांगों पर सहमति के बाद मृतक के माता-पिता के साथ परिवार और समाज के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल उदयपुर अस्पताल के लिए रवाना हो गया। जहा मृतक के पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। वहीं गुरुवार को कलारिया गांव में शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। स्कूल में चोरी के मामले में दोवड़ा थाना पुलिस ने गत 26 सितम्बर को आरोपी दिलीप अहारी को डिटेन किया था। पुलिस पूछताछ के दौरान दिलीप की तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। पीड़ित परिवार के साथ आदिवासी और बीएपी की ओर से पुलिसकर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाया गया था। गत 29 सितंबर को दोवड़ा थाने के सामने धरने के बाद शाम को कलेक्ट्री पर धरना शुरू हुआ। इस बीच 30 सितंबर की शाम को दिलीप की उदयपुर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे आक्रोशित आदिवासी समाज ने आरोपी पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने के साथ ही 1 करोड़ मुआवजा, परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी समेत 15 सूत्री मांगे रखी थी।

VISION INDIA
FAIR REPORT 04

# Ravan Dahan: A Century-Old Spectacle or a Conspiracy Against Sanatan Dharma?



**Deepak Ameta**
*Journalist*

FAIR REPORT

Every year, millions gather to watch towering effigies of Ravan go up in flames. The ritual, now synonymous with Dussehra, is projected as the eternal victory of good over evil. But here lies a startling fact: there is no Vaidik reference, no ancient sanction, and no spiritual basis for Ravan Dahan.

### Where Did It All Begin?

Contrary to popular belief, the practice of burning Ravan effigies is barely a hundred years old. There is no trace of this ritual in Vedic scriptures, Upanishads, or even early Ramayana traditions. The question arises: If Sanatan Dharma never mandated it, who introduced this fiery spectacle? Was it a cultural distortion, a colonial manipulation, or a deliberate attempt to vilify a figure of wisdom?



### Ravan: Demon or Scholar?

The real Ravan was no caricature of evil. He was a supreme Vedic scholar, a ruler of Lanka's golden empire, a master of the Veena, and the composer of the immortal Shiv Tandava Stotram. His devotion to Lord Shiva was unmatched. Even Valmiki's Ramayana acknowledges his brilliance, power, and mastery over the Vedas. To reduce such a complex figure to an effigy of sin is not just oversimplification — it is an insult to Sanatan wisdom itself.

### A Ritual for Entertainment, Not Enlightenment


Sanatan dharma never designed rituals for spectacle. Every yajna, every mantra, every vrat was aimed at spiritual elevation. Fireworks, crackers, and effigy-burning bear no connection with dharmic discipline. Instead, they mirror a society addicted to entertainment, not enlightenment.


### The Eye-Opener

If dharma is about truth, then truth must be asked: Are we burning Ravan, or are we burning the memory of our own scholars? Are we celebrating Rama's victory, or participating in a colonial-era conspiracy that mocked Hindu traditions? To truly live Sanatan spirit is to honor wisdom, to defeat inner arrogance, and to rise in consciousness — not to burn paper effigies. The real "Dahan" should be of ego, ignorance, and hatred.

## Truck-Trailer Collision in Gangrar, Driver Burnt Alive in Fire

FAIR REPORT





**New Delhi:** A horrific road accident late Tuesday night at Court Pulia in Gangrar police station area of Chittorgarh district left the region shaken. A truck and a trailer collided violently, after which both vehicles were engulfed in flames. In the accident, the trailer driver was burnt alive, while the truck driver and cleaner managed to escape by jumping out in time. The deceased driver has been identified as 41-year-old Kaluram Meena, son of Durgaram Meena, a resident of Gulabpura, Duni, Tonk district.

### How the accident happened

According to ASI Shivalal Sharma of Gangrar police station, the truck was loaded with onions while the trailer was carrying iron dust. Both vehicles were headed towards Bhilwara. It is reported that the truck driver suddenly applied brakes after overtaking. At the same time, the trailer rammed into the truck moving ahead, and within moments, both vehicles caught fire. The trailer's diesel tank exploded, and the tyres also burst with a blast.

### Driver trapped and burnt alive

Immediately after the collision, the truck driver and cleaner jumped out and saved their lives, but trailer driver Kaluram got trapped in the cabin. The fire spread so rapidly that he could not come out and was burnt alive. The horrific sight left bystanders shaken.On receiving information, fire brigades from Sangam factory and Chittorgarh were called. After nearly one and a half hours of effort, three fire tenders managed to douse the flames. Meanwhile, the road remained jammed for a long time.

## A Tradition Continuing for 35 Years, Meera Mahotsav to be Celebrated Again in Chittorgarh

FAIR REPORT




**Chittorgarh:** To spread the devotional spirit and literary heritage of Saint Shiromani Meera Bai among the younger generation, the Meera Smriti Sansthan, Chittorgarh will organize a three-day Meera Mahotsav from October 4 to 6. On Wednesday, during a press conference held at the MP Public Hearing Center near Collectorate Square, the office-bearers of the institution shared the detailed outline of the program.

Institution President Anil Shishodia informed that this festival has been organized continuously for the last 35 years. He said that through this event, the life philosophy, literature, and devotional spirit of Meera Bai are being spread to the masses, while also giving national recognition to Chittorgarh's glorious cultural identity. Patron S.N. Samdani highlighted the devotional tradition and history of Meera Bai, stating that the festival will be filled with religious and cultural activities.

### Program Schedule

- October 4, 7:30 PM – The festival will commence with a Kavi Sammelan (Poets' Gathering). On this occasion, Rajasthan's Minister of Cooperation and Civil Aviation Gautam Dak will be the Chief Guest, while MP C.P. Joshi will preside. Renowned poets including Dr. Vishnu Saxena, Buddhi Prakash Dadhich, Govind Rathi, Munna Battery, Shankar Sukhwal, Pawan Agri, and Rahul Sharma will present their compositions.
- October 5 – A cultural evening will be held in the presence of Union Culture Minister Gajendra Singh Shekhawat. The Meera Nritya Vatika will be presented by Shri Ram Bharatiya Kala Kendra, New Delhi, along with Odissi dance performances by Kunjalata Mishra and her group, supported by Mewar University.
- October 6, 8:15 AM – A Bhakti Rasotsav will be organized at Meera Temple, Chittorgarh Fort. Artists from Prayagraj, Patiala, and North Central Cultural Centers will present devotional songs and bhajans dedicated to Meera Bai.
- October 6, 6:00 PM – The closing ceremony will be held at Indira Priyadarshini Auditorium. Rajasthan Deputy Chief Minister Diya Kumari will be the Chief Guest, with MP C.P. Joshi presiding. On this occasion, Kathak Kendra, New Delhi will stage the dance-drama "Sanwre Rang Rachi", followed by devotional songs by noted singer Deepak Mathur.

### Appeal to Chittorgarh Residents

- The institution's office-bearers appealed to the people of Chittorgarh to participate in large numbers and make this grand festival a success. The press conference was attended by Vice President Arjun Mundra, Joint Secretary Sunil Dheelival, Treasurer Vinayak Dwivedi, Executive Members Jaiprakash Bhatnagar and Manoj Pareek, along with other officials.

# Awareness Among Children Against Child Marriage, Essay Competition Organized



**Manish Malani**
*Journalist*

**Chittorgarh:** Under the guidance of District Collector Alok Ranjan, the Child Marriage Free Rajasthan campaign is continuously working to raise awareness among children and the general public across the district. As part of this initiative, a special essay competition on child marriage was organized at PM Shri Station School, Chittorgarh, where students actively participated and shared their thoughts on this important social issue.

Omprakash Toshniwal, Assistant Director of the District Child Protection Unit and Child Rights Department, said the program was organized to make children and society aware of the harmful effects of child marriage. He explained that child marriage not only affects children's physical and mental health but also seriously impacts their education and future. Furthermore, this practice creates various obstacles in children's overall development and leaves them socially and economically disadvantaged. During the program, students were informed that if they come across any instance of child marriage, they should immediately report it to Child Helpline number 1098. They were also assured that the identity of the complainant will be kept completely confidential. The helpline is available free of charge for any issues or assistance required by children aged 0 to 18 years. Students enthusiastically participated in the essay competition and expressed their thoughts. Anjali Maheshwari secured first place, Nandini Jaiswal second, and Faizan Mohammad third. The winners will be honored by the District Child Rights Department, which will further encourage social responsibility and awareness among students. School principal Jyoti Ladha, Lokesh Soni from the Education Department, instructor Jitendra Singh, and other teachers were also present on the occasion. They motivated students to participate in such programs and contribute positively to society. Through this competition, children were not only made aware of the harms of child marriage but were also taught the importance of social responsibility. This initiative sensitizes students and, through them, sends a message against this harmful practice to families and the wider community. The objective is to ensure that the next generation is not affected by such customs and remains vigilant about their rights and responsibilities. The district administration and the education department regularly organize such programs to eradicate practices like child marriage from society. These efforts send a positive message to both children and society, guiding them towards a safe, educated, and responsible future.



## Centenarian Voters Honored on International Day of Older Persons

FAIR REPORT

**JAIPUR:** On the occasion of International Day of Older Persons, centenarian voters (100 years and above) were honored at district, assembly, and panchayat levels as per the directives of the Election Commission of India.

At Jaipur, District Election Officer Dr. Jitendra Kumar Soni visited the residence of centenarian voter Shyam Lal Sharma in Civil Lines and presented him with a citation, a ceremonial fruit basket, a flower garland, and a shawl. Deputy District Officer Meghraj Meena and Civil Lines Assembly electoral registration officer Gaurav Bokawat were also present. Dr. Soni emphasized that the campaign aims to ensure "no voter is left behind."

In Vidyadhar Nagar Assembly, 22 centenarian voters were honored at their homes by Booth Level Officers (BLOs). Electoral Registration Officer Suman Chaudhary personally visited the voters' residences to present citations, encouraging them to actively participate in strengthening democracy and to vote in the upcoming elections. Election Officer Pramod Chaudhary, Supervisor Dilip Rao, and BLO Daljeet Kaur were also present.

Similarly, in Jhotwara Assembly (Booth 280), centenarian voter Rasal Kanwar was honored at her home by BLO Jitendra Bhardwaj, Supervisor Lakshman Singh Sankhla, and Master Trainer Madan Dev Jewaria.

In Bassi Assembly, centenarian voter Laxmi Devi was presented with a citation by ERO Garima Sharma, while in Chomu Assembly, centenarian voter Mohri Devi was honored by ERO Dilip Singh.

## Speed Limits Set on National Highway NH-148

FAIR REPORT

**Jaipur,** October 1: The government has issued a new notification establishing speed limits on the Manoharpur–Dausa stretch of National Highway NH-148, published in the gazette on October 1, 2025.

According to Regional Transport Officer Jaipur-II, Dharmendra Kumar, the maximum speed limits are now defined as follows: 50 km/h for heavy trollas, 60 km/h for trucks and light heavy vehicles.

For passenger vehicles, the limits are: 60 km/h for medium and heavy passenger vehicles, 70 km/h for light four-wheelers, 50 km/h for three-wheelers, and 60 km/h for two-wheelers.

The RTO clarified that this notification will remain in effect until the Manoharpur–Dausa section of NH-148 is upgraded to a 4-lane divided carriageway.

## 'Saksham Jaipur' Campaign Provides Support to Senior Citizens

FAIR REPORT

**Jaipur** On the occasion of International Day of Older Persons, a special camp was organised at the Social Justice Complex in Jamdoli under the Saksham Jaipur campaign, which has been providing vital support to senior citizens across Jaipur district. The event was presided over by MP Manju Sharma, with social workers also being felicitated for their contributions to elderly welfare.

Speaking at the event, Joint Director of Social Justice and Empowerment, B.P. Chandel, said that in compliance with directives from District Collector Dr. Jitendra Kumar Soni, senior citizens selected under the National Vayoshree Scheme were provided with assistive devices during the camp. The programme was jointly organised by the district administration and the Artificial Limb Manufacturing Corporation of India (ALIMCO) under the Ministry of Social Justice and Empowerment.

Chandel added that between August 8 and September 23, 2025, identification camps were held at all Panchayat Samiti and municipal headquarters across the district, resulting in 1,040 senior citizens being identified and 5,600 assistive devices distributed. These included wheelchairs, walking sticks, hearing aids, back belts, knee braces, crutches, and cervical collars.During the ceremony, individuals and organisations contributing significantly to senior citizen welfare were honoured with shawls, fruits, and certificates of appreciation.

## 71st Wildlife Conservation Week to Begin from October 2

FAIR REPORT

**JAIPUR:** The 71st Wildlife Conservation Week-2025 will commence on October 2 at the Nahargarh Biological Park in Jaipur, presided over by Chief Conservator of Forests (Wildlife) Dr. T. Mohanraj. The inaugural event will feature a wildlife awareness rally, balloon release, and other activities to promote conservation.

Deputy Conservator of Forests (Wildlife), Jaipur Zoo, Vijaypal Singh, said that during the week, the Jaipur territorial region—including Jhalana, Amagarh, Hathi Gaon, and Jaipur Zoo—will witness a "Clean and Green Sanctuary Campaign", along with tributes to deceased wildlife. Students from schools across the city are expected to actively participate, making the week a key platform for raising environmental awareness among the younger generation.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor and Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act.